सं०सं०–2/पेन–11/2026–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : डा० नन्द किशोर प्रसाद, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महुऑव, बिहियाँ, भोजपुर के पेंशन/उपदान एवं पेंशन रूपान्तरण की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि डा० नन्द किशोर प्रसाद, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महुऑव, बिहियॉ, भोजपुर के दिनांक–31.12.2025 को सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप इन्हें अनुमान्य पेंशन/उपदान एवं पेंशन रूपान्तरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) उक्त स्वीकृति विभागीय आदेश संख्या–903(3) दिनांक–02.12.2020 के आलोक में इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके कार्यकाल में लम्बित निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या–57/2023–24 के अनुपालन के क्रम में अथवा अन्य किसी भी मामले में इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली/गबन/दुर्विनियोग आदि का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी तथा साथ ही इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(3) इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक संलग्न हैं :–

(i) पेंशन प्रपत्र दो प्रति में
(ii) संयुक्त फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) पारिवारिक सदस्यो की सूची
(v) सेवा इतिहास
(vi) प्रभार रिपोर्ट
(vii) दीर्घकालीन बाकी/बेबाकी प्रमाण–पत्र
(viii) वेतन पूर्जा/जॉच पत्र
(ix) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, आरा द्वारा निर्गत मॉग रहित प्रमाण पत्र।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)

ज्ञापांक–2/पेन–11/2026– 1220(2) **पटना, दिनांक** 5/6/ **2026**

प्रतिलिपि : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भोजपुर, आरा/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिहियॉ, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

साथ ही डा० नन्द किशोर प्रसाद का विभागीय बाकी/बेबाकी प्रमाण–पत्र सीधे महालेखकार, बिहार को भेजते हुए इसकी सूचना विभाग को भी दी जाय।

प्रतिलिपि : कोषागार पदाधिकारी, पटना समाहरणालय, पटना/डा० नन्द किशोर प्रसाद, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महुऑव, बिहियॉ, भोजपुर पत्राचार का पता–मदन लाल जैन गली अजाद पथ ककडबाग, पटना, पो०–लोहियानगर, थाना–ककडबाग, जिला–पटना, पिनकोड–800020/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09(A), 09(B), 17 एवं 18(A) को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

4/6/26
सरकार के उप सचिव